## गुस्ताखी माफ




आधे बाहर फिर रहे, फिर भी अंदर भीड़।
अंदर-बाहर हर जगह, बने हुए सिर-पीड़।
बने हुए सिर-पीड़, समस्या बेहद मोटी।
कैदी हैं अनगिनत, मगर जेलें हैं छोटी।
कह साहिल कविराय, जेल को बड़ा बनाओ।
या फिर जबरन कई, जमानत पर भिजवाओ।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 211 | SATURDAY 08-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



जन हितैषी | यूटर्न टाइम PRESENTS
PUNJAB'S BIGGEST RECOGNITION FOR YOUNG ENTREPRENEURS
WESTERN LIVING PVT. LTD.
YEA 2026
YOUNG ENTREPRENEUR AWARDS
POWERED BY RALSON TYRES | IN ASSOCIATION WITH kothari
SCAN QR TO REGISTER
EXCITING ANNOUNCEMENT
Nominations Extended for one day.
LAST DAY TO APPLY IS 9TH AUG 2026
FOR MORE DETAILS, CONTACT:
+91-99153-61166 | +91-95690-30002 | +91-99882-20063
janhetaishiuturntimesevents@gmail.com
VENUE: NIRVANA LUXURY HOTEL, LUDHIANA


# अरोडा की अनुपस्थिति से हल्का वेस्ट राम भरोसे अफसरों में तालमेल की कमी से बिगड़ती स्थिति , देर रात तक मौके पर डीसी और निगम कमिश्नर ने संभाला मोर्चा

## पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने किया दौरा, बोले -सरकार-निगम ने लोगों को दिया अजूबा

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। किचलू नगर की लायंस क्लब रोड पर सड़क धंसने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जिस घर के बाहर खड्डा हुआ है, उस घर के मालिक कमल सिंघानिया का आरोप है कि वीरवार को हादसे के बाद तो मौके पर अफसर और लीडर पहुंचे थे। दोपहर बाद काम भी शुरू किया। लेकिन शुक्रवार को उनती ही रफ्तार कम दिखी।

घर की नींव से लगातार मिट्टी निकल रही है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। मौके पर लीडर और अफसर जरुर आ रहे हैं, मगर काम कोई नहीं करवा रहा। वहीं इस हादसे के बाद निगम अफसरों द्वारा अपना बचाव करने के लिए तारें डालने वाली कंपनी को बली का बकरा बनाने की तैयारी कर ली गई है। दूसरी तरफ निगम हाउस लीडरों द्वारा भी मौके पर जाकर हवा हवाई ऐलान कर दिए जा रहे हैं। लेकिन अपनी गलती मानने को कोई तैयार नहीं है। एक तरफ निगम अफसरों का कहना है कि इंटरनेट तारें डालने वाली प्राइवेट कंपनी द्वारा सड़क खुदाई के समय सीवरेज लाइन डैमेज की गई, तो यह घटना हुई है। लेकिन वायरिंग भी निगम अफसरों की परमिशनें मिलने के बाद डाली गई, फिर कंपनी के साथ-साथ अफसरों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। दूसरी तरफ हाउस लीडरों द्वारा मौके पर जाकर दावे किए जा रहे हैं कि आगे से शर्तें रखकर तारें डालने की परमिशनें दी जाएगी। जिससे ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। हैरानी की बात तो यह है कि पहले भी शर्तों के बाद ही परमिशनें दी जाती थी। लेकिन उसके बावजूद यह हालात हुए। यानि कि अब अफसर-लीडरों द्वारा अपने बचाव के चक्कर में मनगढंत बातें बोल दी जा रही है, ताकि किसी तरह अपना बचाव किया जा सके।




शुक्रवार को घर की नींव से मिट्टी निकलनी हुई शुरू



### लीडरों का दावा - शर्तें रखेगें, लेकिन नक्शे बिना कैसे पता चलेगें हालात

वहीं शुक्रवार को सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर मौके पर पहुंचे। जिन्होंने कहा कि यह गलती कंपनी की है। यह सीवरेज सिस्टम ईटों से बना डाट सिस्टम है। कंपनी ने अंडरग्राउंड वायरिंग डालते समय सीवरेज लाइन में सुराख कर दिया। जिससे पानी रिसता रहा और जमीन खोखली हो गई। उन्होंने कहा कि आगे से शर्तें रखकर परमिशनें दी जाएगी। चर्चा है कि पहले भी शर्तें रखकर ही परमिशनें दी जाती है। लेकिन सिर्फ शर्तों से ऐसी घटनाएं नहीं रुक सकती। एक्सपर्ट के मुताबिक जिस सड़क पर वायरिंग डालनी है, वहां पड़ी सीवरेज-वाटर लाइन का नक्शा होना जरुरी है, तभी उस मुताबिक खुदाई होगी और हादसे रुक सकेगें। लेकिन ओएंडएम सेल के पास नक्शे नहीं है, सीवरेज एंड वाटर सप्लाई विभाग के पास नक्शे हैं, लेकिन निगम अफसर उसे कंपाइल करना जरुरी नहीं समझते। जिसके चलते अगर लीडर सच में हादसे रोकने चाहते हैं तो सबसे पहले हर गली, हर सड़क में पड़ी लाइनों का नक्शा तैयार करवाए। बिना नक्शे के वायरिंग होगी तो दोबारा फिर सड़कें धंसती रहेगीं।

### संजीव अरोड़ा के बाद हल्का हुआ लावारिस

निगम कमिश्नर ओजस्वी शुक्रवार तड़के बिना किसी को बताए मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। जबकि देर रात भी मौके पर रहे। वहीं हल्का वेस्ट से विधायक बनने के बाद संजीव अरोड़ा ने जमकर विकास कार्य करवाए। उन्होंने हल्के को परिवार की तरह रखा। लेकिन आज उनके जेल जाने के बाद हल्का लावारिस हो गया है। आप पार्टी हो या निगम अफसर, लेकिन किसी का भी इस तरफ ध्यान नहीं है। जिस कारण हल्के के लोग बेहद मायूस महसूस कर रहे हैं।

### आंखें बंद करके देते हैं परमिशनें, आंखें बंद करके ही डालते है तारें

चर्चा है कि निगम अफसरों द्वारा अपनी कमाई के चक्कर में तारें डालने की आंखें बंद करके परमिशनें दे दी जाती है। जिसके बाद कंपनियां भी आंखें बंद करके धड़ल्ले से सड़कें उखाड़ डालती है। चर्चा है कि इस कार्य के दौरान मौके पर अफसर होना जरुरी है। लेकिन अफसरों के न आने पर कंपनी मुलाजिमों को कौन सी पाइप टूटी, कहा नुकसान हुआ, इससे उन्हें कोई लेना देना नहीं होता। बस वे अपनी तारें डालकर चलते बनते हैं। इसी का नतीजा है कि लायंस क्लब रोड, यैस बैंक वाली रोड और गुरदेव नगर में सड़क धंसी।



### जिम्मेदार अफसरों पर एफआईआर न हुई तो करेगें संघर्ष - बिट्टू

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू शुक्रवार को घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह खड्डा बनाकर आप सरकार और लुधियाना कारपोरेशन ने शहरवासियों को नया अजूबा दिया है। उन्होंने दिखाया है कि डेवलपमेंट इसे कहते हैं। हल्के के विधायक मंत्री थे, वे इन्हीं घोटालों के कारण जेल गए हैं। निगम के पास अब अच्छे अफसर और ठेकेदार नहीं रहे। डीसी को चाहिए कि केंद्र की किसी विभाग से मदद लें, ताकि घर को बचाया जा सके। निगम अफसरों ने लाखों रुपए जेब में डालकर परमिशनें दी। पैसे लेकर लोगों की जान खतरे में डाली है। इस लिए पर्चा कंपनी पर नहीं अफसरों पर बनता है। अगर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई न की गई तो संघर्ष किया जाएगा। आप लीडरों के छह महीने रहते है, इस लिए जमकर लूट रहे हैं।

### अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में नई सड़कें भी उखड़वा दी

चर्चा है कि कारपोरेशन के कुछ भ्रष्ट अफसरों द्वारा प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर बड़ा खेल किया जा रहा है। कंपनी द्वारा कितने एरिया में तारें डाली जानी है, उस मुताबिक कुछ अफसरों द्वारा गणित किया जाता है। जिसके बाद रिकॉर्ड में कम हिस्सा कवर करके कंपनी से कम फीस सरकारी खाते में जमा करवा दी जाती है। बाकी बचे हिस्से का कुछ प्रतिशत अपनी जेब में डाल लिया जाता। जिसका नतीजा यह रहा कि शहर की नई पड़ी सड़कें ही उखाड़ दी गई।

## 26 स्कूलों को पछाड़ बीवीएम उधम सिंह नगर ने जीती एलएसएससी मूक अभिनय प्रतियोगिता



लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उधम सिंह नगर ने एलएसएससी अंतर-विद्यालयीय मूक अभिनय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किचलू नगर में किया गया, जिसमें लुधियाना के 26 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। बीवीएम उधम सिंह नगर के विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली, भावपूर्ण और विचारोत्तेजक मूक अभिनय से निर्णायक मंडल और दर्शकों का दिल जीत लिया। बिना किसी संवाद के केवल हाव-भाव, अभिव्यक्ति और सशक्त मंच प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने एक सामाजिक संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी बेहतरीन टीमवर्क, तालमेल और प्रस्तुति ने उन्हें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिलाया।

## खत्री अरोड़ा समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे: वरिंदर सहदेव



अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड के पदाधिकारियों की एक विशेष मीटिंग जिला चेयरमैन वरिंदर सहदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में स्टेट सदस्य प्रणवक धवन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बोर्ड के विभिन्न पदाधिकारियों ने समाज के विकास, कल्याण और संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला चेयरमैन वरिंदर सहदेव ने कहा कि खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड समाज के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# लुधियाना टेक्सटाइल उद्योग ने बनाया मजबूत वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात बढ़ाने का रोडमैप



लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। लुधियाना के टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग को मजबूत बनाने, टेक्सटाइल वेस्ट मैनेजमेंट बेहतर करने और निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने को लेकर उद्योग प्रतिनिधियों की अहम बैठक हुई। बैठक में आईडीएच क्लस्टर कलेक्टिव प्रोग्राम के तहत भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। यह प्रोग्राम सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल बिजनेस (सीआरबी), फाउंडेशन फॉर एमएसएमई क्लस्टर्स (एफएमसी) और पीडब्ल्यूसी द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जा रहा है। बैठक में निटवियर क्लब के चेयरमैन विनोद थापर, प्रधान दर्शन डावर, जनरल सेक्रेटरी नरेंद्र मिगलानी, गारमेंट मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एंड सप्लायर्स एसोसिएशन के प्रधान राम किशन व अशोक जैन, बहादुर के डाइंग एसोसिएशन से सुभाष सैनी व ललित जैन, पंजाब डॉयर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी बॉबी जिंदल, लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्रधान सुदर्शन जैन और टेक्सटाइल कमेटी लुधियाना के अतिरिक्त निदेशक पंकज सहित कई उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे। सीआरबी डायरेक्टर देवयानी हरि ने वैश्विक बाजार की बदलती जरूरतों, सस्टेनेबिलिटी मानकों और निर्यात अवसरों पर चर्चा की। उद्योग प्रतिनिधियों ने टेक्सटाइल सेक्टर के लिए स्पष्ट और लंबी अवधि की नीति की जरूरत बताई। बैठक में लुधियाना में मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने का सुझाव दिया गया, जिसमें स्टीम जनरेशन, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसी साझा सुविधाएं उपलब्ध हों। इससे एमएसएमई इकाइयों की लागत कम होगी और पर्यावरण मानकों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# PSIEC जमीन आवंटन से CLU तक ED की जांच तेज, लुधियाना के औद्योगिक घरानों से जुड़ा रिकॉर्ड GLADA से तलब




लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। PSIEC की 'Off the Shelf' स्कीम के तहत लुधियाना में औद्योगिक घरानों को आवंटित जमीन की जांच अब नए चरण में पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) अब केवल जमीन के मूल आवंटन की प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि उसके बाद हुए Change of Land Use (CLU), ले-आउट में बदलाव और औद्योगिक जमीन के रिहायशी अथवा अन्य इस्तेमाल की पूरी चेन खंगाल रहा है।

PSIEC के मौजूदा और सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़े 11 ठिकानों पर तलाशी के बाद ED के जालंधर जोनल कार्यालय ने GLADA के एस्टेट ऑफिसर से फोकल प्वाइंट फेज-8, ढंडारी कलां में संबंधित कंपनियों को आवंटित अविकसित औद्योगिक जमीन का विस्तृत रिकॉर्ड मांगा है। ED ने GLADA से उछव और ले-आउट अप्रूवल, बाद में किए गए ले-आउट बदलावों तथा संबंधित फाइलों की स्कैन प्रतियां तलब की हैं। जांच का एक अहम बिंदु यह भी है कि क्या जमीन के टाइटल या आवंटन के साथ 60 प्रतिशत क्षेत्र को औद्योगिक रूप में विकसित करने की शर्त जुड़ी थी और बाद में हुए बदलाव उस शर्त के अनुरूप थे या नहीं।

इसके अलावा संबंधित जमीन की नेट रेजिडेंशियल डेंसिटी का ब्यौरा भी मांगा गया है। PMLA की धारा 54 के तहत सहायक निदेशक मोहित गोदारा द्वारा भेजे गए पत्र में रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है और इसकी प्रति पंजाब RERA को भी भेजी गई है।

इससे जांच का फोकस अब 'जमीन किसे और कैसे मिली' से आगे बढ़कर 'औद्योगिक जमीन का उपयोग कैसे बदला, मंजूरियां कैसे मिलीं और उससे किसे लाभ पहुंचा' तक पहुंचता दिखाई दे रहा है।

# 2500 आयुर्वेद आरोग्य केंद्रो का कामकाज ठप्प मरीज हुए परेशान पंजाब भर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की हड़ताल जारी

अशोक सहगल



लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। अपनी मांगों को लेकर पंजाब के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने अपनी जायज फाइनेंशियल और सर्विस से जुड़ी मांगों को हल करने के लिए आज पूरी हड़ताल जारी रखी। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने पंजाब भर के सभी जिलों में सिविल सर्जन ऑफिस के सामने इकट्ठा हुए और पंजाब सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए।

### कहां जाएं मरीज

यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार की लगातार बदनामी और वादाखिलाफी के कारण आज पंजाब के करीब 2500 आयुष्मान आरोग्य सेंटर्स की सर्विसेज पर असर पड़ रहा है। गांवों में रहने वाले हजारों लोग, खासकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और दूसरी पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीज, समय पर हेल्थ सर्विसेज और दवाएं न मिलने के कारण परेशान हो रहे हैं। इस स्थिति के लिए पंजाब सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट की लापरवाही पूरी तरह से ज़िम्मेदार है।

### सरकार ने तोड़ा भरोसा

नेताओं ने कहा कि सरकार ने सी एच ओ को सैलरी में ₹5000/- की परमानेंट बढ़ोतरी का भरोसा दिया था, लेकिन इसे सैलरी में शामिल करने के बजाय, डिपार्टमेंट ने इसे इंसेंटिव से जोड़कर ऐसी बेंचमार्क शर्तें लगा दीं, जिससे कई उल्डर इस फायदे से वंचित रह जाएंगे। यह उल्डर के साथ सीधा धोखा है। इसके अलावा, लॉयल्टी बोनस, रेगुलर कैडर और दूसरी मांगों को लेकर सरकार ने कोई ठोस फैसला नहीं लिया है।

### दूसरे राज्यों से कम वेतन, हो रहा है आर्थिक और मानसिक शोषण

नेताओं ने कहा कि एक तरफ पंजाब सरकार 'मावां धीया सम्मान योजना', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और महिला एम्पावरमेंट के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन दूसरी तरफ, हेल्थ डिपार्टमेंट में सेवा दे रही हजारों पढ़ी-लिखी बेटियों और महिला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को दूसरे राज्यों से कम सैलरी देकर उनका आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है।

गांवों में लोगों को हेल्थ सर्विस देने वाली बेटियां आज अपने ही हक के लिए सड़कों पर संघर्ष करने को मजबूर हैं। अगर सरकार सच में महिला एम्पावरमेंट के लिए कमिटेड है, तो सबसे पहले उसे अपने ही हेल्थ चंडीगढ़ में नेशनल हेल्थ मिशन, पंजाब हेडक्वार्टर पर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पूरे पंजाब से हजारों कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर हिस्सा लेंगे।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 खिंगडेल का 45वां स्थापना दिवस खुशी और उत्साह...

# डायरेक्टर का खुलासा; मेयर ने इललीगल तरीके से की नियुक्तियां, सिलेक्शन अधिकार लिए वापिस, 11 सितंबर तक कराने होंगे चुनाव

## एफएंडसीसी कमेटी के दो मेंबरों की नियुक्ति का मामला






मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर



पार्षद गौरव भट्टी

राजदीप सिंह सैनी
लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। लुधियाना नगर निगम की एफएंडसीसी के दो सदस्यों की नियुक्ति को चल रहे विवाद के बीच शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा अहम फैसला सुनाया गया है। याचिकाकर्ता लुधियाना कांग्रेस के पार्षद गौरव भट्  टी ने बताया कि कोर्ट ने नगर निगम कमिश्नर को 11 सितंबर तक एफएंडसीसी के दो मेंबरों का चुनाव करने के आदेश दिए हैं। गौवर भट्टी ने बताया कि कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि एफएंडसीसी मेंबर्स का चुनाव म्यूनिसिपल एक्ट के तहत नगर निगम हाउस की बैठक में करवाया जाए और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए ताकि किसी तरह की धांधली न हो। गौरव भट्टी का कहना है कि कोर्ट ने यह अहम फैसला दिया है और अब पहली बार लुधियाना में एफएंडसीसी के मेंबर्स का चुनाव निगम हाउस की बैठक में वोटिंग के जरिए होगा। गौरव भट्टा का रहना है कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा पार्षदों की गलत नियुक्ति की थी। जिसके खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई थी। नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के दो सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार मेयर के पास नहीं है। यह खुलासा लोकल बॉडीज विभाग के डायरेक्टर द्वारा किया गया है।

### मेयर ने गलत तरीके से की सिलेक्शन

लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर का एक पत्र सामने आया है। जिसमें उन्होंने दो मेंबरों की नियुक्ति संबंधी बड़े खुलासे किए है। पार्षद गौरव भट्टी मुताबिक लेटर में लिखा है कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा फाइनांस एंड काट्रैक्ट कमेटी (एफएंडसीसी) में दो पार्षदों को नॉमिनेट करने के आदेश को रद्द कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि एफएंडसीसी कमेटी के सदस्यों की सिलेक्शन का अधिकार मेयर के पास है ही नहीं। बल्कि मेंबरों का चयन पार्षदों के बीच चुनाव कराकर ही किया जाना कानूनी रूप से अनिवार्य है।

### मेयर के नियुक्ति अधिकार किए रद्द

लोकल बॉडी विभाग मुताबिक 24 मार्च 2026 को नगर निगम की बैठक में प्रस्ताव संख्या 106 पास किया गया था, जिसके तहत मेयर को एफएंडसीसी कमेटी के लिए दो पार्षदों को नियुक्त करने का अधिकार दिया गया था। इसके बाद मेयर द्वारा 24 जून 2026 को आदेश जारी कर दो पार्षदों को कमेटी का सदस्य मनोनित किया। हाईकोर्ट में दायर याचिका के बाद मामले की समीक्षा की गई, तो स्थानीय निकाय विभाग ने पाया कि यह फैसला नियमों के खिलाफ था। जिसके चलते पंजाब म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1976 की धारा 42(4) का हवाला देते हुए विभाग ने प्रस्ताव संख्या 106 का वह हिस्सा रद्द कर दिया है जिसमें मेयर को सदस्यों को नियुक्त करने का अधिकार दिया गया था। मेयर द्वारा जारी नामांकन आदेश को तत्काल प्रभाव से शून्य और गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया है।

# 73 दूध के सैंपल किए चैक, 26 में मिला पानी

## डेयरी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट ने मिल्क कंज्यूमर अवेयरनेस कैंप लगाया

अशोक सहगल
लुधियाना, यूटर्न 07 अगस्त। डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम ने लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मौके पर दूध के 73 सैंपलों की जांच की तो उसमें 26 सैंपल में से पानी मिल पाया जानकारी देते हुए डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट सुरिंदर सिंह ने बताया कि खन्ना के वार्ड नंबर 27 और विनोद नगर में मिल्क कंज्यूमर अवेयरनेस कैंप लगाया गया, जहां दूध के सैंपल लेकर मौके पर ही टेस्ट किए गए।

उन्होंने बताया कि कैंप के दौरान, समराला रोड के वार्ड नंबर 27 में दूध के 37 सैंपल चेक किए गए, जिनमें से 13 में पानी की मात्रा ज्यादा पाई गई, जबकि बाकी सैंपल



स्टैंडर्ड के हिसाब से पाए गए और उनमें कोई नुकसानदायक चीजें नहीं पाई गई। इसके अलावा, विनोद नगर में 36 सैंपल चेक किए गए, जिनमें से 13 में पानी की मात्रा ज्यादा पाई गई। डिप्टी डायरेक्टर डेयरी ने दूध कंज्यूमर्स से अपील की कि वे अपने दूध के सैंपल टेस्ट करवाने के लिए डिप्टी डायरेक्टर डेयरी डेवलपमेंट, बीजा, लुधियाना (01628-299322) के ऑफिस में कॉन्टैक्ट कर सकते हैं। इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए, दूध कंज्यूमर्स किसी भी वर्किंग डे पर सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक अपने दूध की चेकिंग करवाने आ सकते हैं और शुद्ध दूध कैंपेन को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग को भी बढ़ना चाहिए जांच का दायरा लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को भी अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए नियमित रूप से दूध और दूध से बने पदार्थो की सैंपलिंग करनी चाहिए और साथ ही साथ दूध में कितना पानी है यह भी लोगों को बताना चाहिए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के पास फूड सेफ्टी वैन है उसे अधिक से अधिक सक्रिय किया जाना चाहिए और इस टेंशन में डेयरी डेवलपमेंट विभाग से ताल मिलाकर सैंपलिंग करनी चाहिए।

# स्पेन भेजने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी का आरोप, वीजा कारोबारी गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/07 अगस्त। स्पेन भेजने के नाम पर 10 लाख रुपये और मूल पासपोर्ट लेकर विदेश न भेजने के आरोप में जीरकपुर पुलिस ने वर्ल्ड वाइड वीजा सर्विस के संचालक आकाश सिद्धू उर्फ राजेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जांच मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) मोहाली की रिपोर्ट के बाद दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार, गुरदासपुर के गांव मान निवासी गुरप्रीत सिंह ने शिकायत दी थी कि उसके भाई सुखदेव सिंह को स्पेन भेजने का भरोसा देकर आरोपी ने 10 लाख रुपये और मूल पासपोर्ट लिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि फेसबुक पर विदेश भेजने का विज्ञापन देखने के बाद उसने आरोपी से संपर्क किया था। पहले एक लाख रुपये नकद और पासपोर्ट लिया गया, जबकि बाद में नौ लाख रुपये कथित तौर पर गारंटी के रूप में गुरु कृपा फाइनेंस के संचालक कमलजीत सिंह के पास जमा करवाए गए।

# एक ही कमर्शियल यूनिटों का दो लोगों से सौदा, 30 लाख की धोखाधड़ी में केस

जीरकपुर/यूटर्न/07 अगस्त। चंडीगढ़ स्क्वायर प्रोजेक्ट में पांचवीं मंजिल पर स्थित दो कमर्शियल यूनिटों का अलग-अलग समय पर दो लोगों से सौदा कर लाखों रुपये बयाना लेने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया कि जिन यूनिटों का सौदा डेराबस्सी निवासी व्यक्ति से 90 लाख रुपये में कर 30 लाख रुपये बयाना लिया गया, उन्हीं यूनिटों का इससे पहले पंचकूला निवासी एक व्यक्ति से भी सौदा किया जा चुका था। जांच और कानूनी राय के बाद पुलिस ने मोहाली निवासी गुरमीत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है।

# दो नाबालिग बच्चियों का यौन शोषण कर अश्लील वीडियो बनाने वाले दोषी को 40 साल की सजा

## दोनों मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत 20-20 साल की सजा, कुल 1.10 लाख रुपये जुर्माना

मोहाली/यूटर्न/07 अगस्त। अतिरिक्त जिला एवं विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दो नाबालिग बच्चियों का यौन शोषण करने, अश्लील हरकतें करने, उनकी अश्लील फोटो-वीडियो बनाने और जान से मारने की धमकी देने के दो अलग-अलग मामलों में आरोपी देव राज मौर्य निवासी उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए कुल 40 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। दोनों मामलों में अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत 20-20 साल की सजा सुनाई।

पहले मामले में अदालत ने पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना, आईटी एक्ट की धारा 67-बी के तहत पांच साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माना और बीएनएस की धारा 351(2) के तहत एक साल की कैद की सजा सुनाई। दूसरे मामले में भी पॉक्सो एक्ट और संबंधित धाराओं के तहत 20 साल की कैद और 55 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। दोनों मामलों में सरकारी पक्ष की ओर से उप जिला अटार्नी हरदीप सिंह रोमाणा ने पैरवी की।



### दूसरे मामले में भी बच्ची को लालच देकर कमरे में ले जाता था

दूसरे मामले में करीब साढ़े सात साल की बच्ची के पिता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपी उनकी बेटी को पैसे और खाने-पीने की चीजों का लालच देकर कमरे में ले जाता था और उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने एक अन्य नाबालिग बच्ची को भी कमरे में ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की थी। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी एक बच्ची के चौथी कक्षा में पढ़ने वाले भाई को भी कमरे में ले जाता था। बच्चों को धमकाकर वह अश्लील फोटो और वीडियो बनाता था। बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी देकर किसी को कुछ न बताने के लिए मजबूर करता था।

### स्कूल जाते-आते बच्ची को बहला के कमरे में ले जाता था

पहले मामले में मुल्लांपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी 11 वर्षीय बेटी पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी। आरोपी उनके पड़ोस में रहता था और स्कूल जाते या वापस आते समय बच्ची को खाने-पीने की चीजों का लालच देकर अपने कमरे में ले जाता था। वहां वह उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। परिवार के चंडीगढ़ क्षेत्र में रहने चले जाने के बाद भी आरोपी वहां पहुंच गया और बच्ची को धमकाकर उसका यौन शोषण करता रहा। आरोप था कि आरोपी ने बच्ची की अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाई और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप रहने के लिए मजबूर किया।

### दो मोबाइल से मिलीं अश्लील फोटो-वीडियो

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। जांच के दौरान मोबाइल की पड़ताल में नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो और वीडियो मिलने की बात सामने आई। इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों सहित अन्य सबूतों को अदालत के समक्ष पेश किया गया।

# मोहाली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर बम स्क्वॉड के साथ पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन




मोहाली/यूटर्न/7 अगस्त। मोहाली के फेज-6 स्थित शिवालिक पब्लिक स्कूल को गुरुवार को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और एहतियात के तौर पर बच्चों को घर भेज दिया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे स्कूल परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस और स्कूल प्रबंधन ने जांच पूरी होने के बाद राहत की सांस ली। हालांकि पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अलर्ट पर है। साइबर टीम यह पता लगाने में जुटी है कि धमकी भरा ईमेल कहां से भेजा गया। जानकारी के अनुसार, यह ईमेल ऐसे समय आया जब मोहाली में सरकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हमारे राम' आयोजित होना था। वहीं पंजाब विधानसभा का सत्र भी चल रहा है। इसके अलावा पंजाब के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सदस्य चंडीगढ़ की ओर जा रहे थे। ऐसे में पुलिस ने किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया और तुरंत सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी।

# डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस ग्रुप के एनआरआई निदेशक की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

## फॉरेस्ट हिल रिसॉर्ट की 550 एकड़ जमीन पर कब्जे की कोशिश, हथियारों से लैस होकर धमकाने का आरोप

मोहाली/यूटर्न/07 अगस्त। फॉरेस्ट हिल गोल्फ एंड कंट्री क्लब रिसॉर्ट की जमीन पर कथित कब्जे की कोशिश और कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एनआरआई विंग पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई एडीजीपी एनआरआई विंग पंजाब के आदेश पर प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद की गई।

पुलिस के अनुसार, डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के वरिष्ठ निदेशक एवं एनआरआई कारोबारी देविंदर सिंह संधू ने 10 मार्च 2026 को एडीजीपी एनआरआई विंग को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी कंपनी के नाम गांव करोरां (मोहाली) में करीब 550 एकड़ जमीन है, जहां फॉरेस्ट हिल गोल्फ एंड कंट्री क्लब रिसॉर्ट संचालित हो रहा है।




शिकायत के मुताबिक 28 फरवरी 2026 को कंपनी के एजीएम विक्रम आदित्य शर्मा, पूर्व सैनिक सूबेदार जसविंदर सिंह और अन्य कर्मचारी जमीन पर कार्य करवा रहे थे।

इसी दौरान सज्जन सिंह, सुखविंदर सिंह, बलजीत सिंह और नायब सिंह अपने 30-40 साथियों के साथ गंडासे, तलवार और लोहे की रॉड जैसे हथियार लेकर मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने कर्मचारियों को काम बंद करने और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही टीन की चादरें लाकर झोपड़ी बनाकर जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोगों के खिलाफ पहले भी 21 जनवरी 2026 को नयागांव थाने में एफआईआर नंबर -12 दर्ज हो चुकी है। उस मामले में आरोपियों ने जमानत मिलने के बाद दोबारा ऐसी हरकत न करने और राजस्व विभाग से सीमांकन कराने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद दोबारा घटना को अंजाम दिया गया।

एनआरआई थाना पुलिस ने शिकायत की प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट एडीजीपी एनआरआई विंग को भेजी थी। जांच अधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करने की मंजूरी मिलने के बाद सज्जन सिंह, सुखविंदर सिंह, बलजीत सिंह और नायब सिंह निवासी टांडा, नयागांव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 329(3), 190, 191(3) और 62 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को बनाया जा रहा 'पहला रेस्पॉन्डर', बाढ़ से मलबे में फंसे लोगों को बचाने का प्रशिक्षण



डेराबस्सी/यूटर्न/07 अगस्त। आपदा के समय प्रशासन के पहुंचने से पहले स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव कार्यों में सक्षम युवाओं की टीम तैयार करने के उद्देश्य से श्री सुखमनी कॉलेज, डेराबस्सी में चल रहे 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को बाढ़, शीतलहर और भवन ढहने जैसी आपदाओं से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पंजाब सरकार, पंजाब राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (PSDMA), महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (MGSIPA) और जिला प्रशासन एसएएस नगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवकों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने पंजाब के बाढ़ संभावित क्षेत्रों की जानकारी दी। उन्हें सिखाया गया कि आपदा के दौरान अपनी सुरक्षा के साथ-साथ प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालने और प्रशासन की सहायता कैसे की जाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घरों में उपलब्ध सामान्य और अनुपयोगी वस्तुओं का आपातकालीन संसाधन के रूप में उपयोग करने के तरीके भी बताए गए। इसके अलावा शीतलहर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां, प्राथमिक उपचार और भूकंप या इमारत ढहने की स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन का भी व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर एवं वरिष्ठ सलाहकार प्रो. योग सिंह भाटिया ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से समुदाय में आपदा के समय तुरंत और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित होगी।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 राहुल गांधी ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को...

# कुछ तो पक रहा है: पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले सुखबीर बादल ने PM मोदी से मुलाकात की

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अगस्त। पंजाब विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने बचे हैं, ऐसे में शिरोमणि अकाली दल (SAD) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात ने रअऊऔर भारतीय जनता पार्टी (BJP) के बीच संभावित चुनावी गठबंधन की अटकलों को फिर से हवा दे दी है।

यह बैठक संसद भवन में हुई और 20 मिनट तक चली। BJP या SAD में से किसी ने भी इस बैठक पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सुखबीर के साथ आए नेताओं ने कहा कि यह एक अनौपचारिक बैठक थी और बातचीत का कोई विवरण नहीं दिया गया। यह बैठक इसलिए अहम है क्योंकि पंजाब में बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच दोनों पार्टियां आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही हैं।



SAD और BJP दो दशकों से अधिक समय तक गठबंधन सहयोगी रहे और उन्होंने तीन कार्यकाल— 1997 से 2002, 2007 से 2012 और 2012 से 2017 तक—पंजाब में संयुक्त रूप से सरकार चलाई। केंद्र के तीन कृषि कानूनों को लेकर मतभेदों के कारण सितंबर 2020 में उनका 23 साल पुराना गठबंधन आधिकारिक तौर पर खत्म हो गया।

किसानों के आंदोलन के दौरान दोनों पार्टियों के रिश्ते खराब हो गए थे; रअऊने शुरू में कृषि कानूनों का समर्थन किया था, लेकिन बाद में विरोध किया और उन्हें रद्द करने की मांग की। इसके बाद अकाली दल नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (NDA) से बाहर हो गया और दोनों पार्टियों ने 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा, जिसमें उन्हें भारी चुनावी नुकसान उठाना पड़ा।

यह ताजा बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों पार्टियां आंतरिक चुनौतियों से जूझ रही हैं। पंजाब BJP में वरिष्ठ नेताओं के बीच मतभेद देखे गए हैं, जिसमें पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद जैसे दिग्गज नेताओं ने मौजूदा राज्य नेतृत्व के प्रति खुलकर असंतोष व्यक्त किया है।

SAD भी संगठनात्मक चुनौतियों और गुटबाजी से जूझ रहा है। कई वरिष्ठ नेताओं ने 'SAD पुनर सुरजीत' गुट बनाया है, जबकि डाखा के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली के नेतृत्व वाला 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' विशेष रूप से ग्रामीण पंजाब में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक स्थिति गठबंधन के पक्ष में काम कर सकती है। सूत्र ने कहा, 'कांग्रेस में आपसी कलह को देखते हुए, अगर SAD और BJP गठबंधन बनाते हैं, तो उनके पास विधानसभा चुनाव जीतने का सबसे अच्छा मौका है।' हालांकि गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसा कोई आधिकारिक संकेत नहीं मिला है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ सुखबीर बादल की मुलाकात ने नई राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है कि क्या पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले ये पुराने सहयोगी फिर से एक साथ आ सकते हैं।

दोनों पार्टियों ने अब तक यही कहा है कि वे आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी और गठबंधन की संभावना को बार-बार खारिज किया है।

## 5 वर्षीय बच्ची से यौन अपराध के 52 वर्षीय दोषी को फास्ट ट्रैक विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

कपिल नागपाल

पंचकुला/यूटर्न/07 अगस्त। पंचकूला पुलिस द्वारा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में त्वरित कार्रवाई, साक्ष्य आधारित जांच और प्रभावी पैरवी लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना कालका क्षेत्र में नाबालिग बच्ची से यौन अपराध के मामले में पुलिस की मजबूत पैरवी के परिणामस्वरूप फास्ट ट्रैक विशेष पॉक्सो न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीष दुआ ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा न करने पर अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह के अनुसार यह मामला वर्ष 2024 में थाना कालका में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता महिला ने बताया था कि उसकी 5 वर्षीय बेटी पड़ोस में खेलने गई थी, जहां किराना दुकान में काम करने वाले



व्यक्ति, जो उसी घर में रहता था, ने बच्ची का यौन शोषण किया। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़िता के बयान, चिकित्सीय जांच और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए व पीड़िता की काउंसलिंग भी करवाई गई। पुलिस ने मूल रूप से पंजाब के रहने वाले 52 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया व आवश्यक साक्ष्य जुटाए और निर्धारित समय-सीमा में मजबूत चालान न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष मजबूती से रखा, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## Knorr सूप पर 100 प्रतिशत असली सब्जियों से बना मिसालीडिंग, कंपनी से की जवाबतलबी




अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 7 अगस्त। knorr सूपर 100% असली सब्जियों से बना शब्द मिस लीडिंग है और ग्राहकों को भ्रम पैदा करता है हाल ही में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस मुद्दे पर हिंदुस्तान फूड्स लिमिटेड जो नोर सूप का निमार्ता है और हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड को जिसके द्वारा इस उत्पाद की मार्केटिंग की जाती है पत्र लिखकर इस मामले में जवाब देही तलब की है। अपने लिखे पत्र में एफएसएसएआई ने कहां की नोर हॉट एंड सौर वेज सूप, नोट टोमेटो चटपटा सूप, नोर मांचो वेज सूप, नोर स्वीट एंड कॉर्न वेज सूप, नोर मिक्सड वेजिटेबल सूप नॉन क्रीम आफ ब्रॉकली सूप, नोन थिक टोमेटो सूप नो इंटरनेशनल स्पाइसी कोरिया किमची सूप नो इंटरनेशनल नूर हांगकांग मंसूर सूप नूडल्स सूप, नोर इंटरनेशनल क्रीम आफ ब्रॉकली सूप, नोर इंटरनेशनल इटालियन मशरूम सूप तथा नोर इंटरनेशनल मैक्सियन टोमेटो कॉर्न सूप का जिक्र करते हुए कहा कि इन सूप के पैकेट पर मेड विथ 100% रियल वेजिटेबल भ्रामक है जो एफएसएसएआई एडवाइजरी दिनांक 28/5/ 2025 के विपरीत है इसमें कहा गया है कि फूड बिजनेस ऑपरेटर अपने लेवल पर 100% के दावे को ना करें और ना ही ऐसा कोई विज्ञापन दे पत्र की कॉपी सभी राज्यों के फूड कमिश्नर को भेज दी गई है।

## बिजली कर्मचारियों की हड़ताल टालने की कोशिश तेज: यूनियनों से लगातार बातचीत



चंडीगढ़/यूटर्न/07 अगस्त। हरियाणा में 11 से 13 अगस्त तक प्रस्तावित बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार कर्मचारी यूनियनों के साथ लगातार बातचीत कर रही है और उन्हें पूरा विश्वास है कि कर्मचारी मान जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी भी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ संवाद बनाए हुए हैं। विज ने कहा कि यूनियनों की तीन प्रमुख मांगें थीं। पहली मांग बिजली वितरण के समानांतर लाइसेंस और निजीकरण का विरोध करने की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के विचाराधीन है, जो एक स्वायत्त संस्था है। सरकार ने आयोग के समक्ष भी निजीकरण का विरोध किया है।

दूसरी मांग स्मार्ट मीटर योजना को रोकने की थी। इस पर उन्होंने कहा कि अभी तक स्मार्ट मीटर के टेंडर जारी नहीं हुए हैं और केवल फाइल प्रक्रिया चल रही है। तीसरी मांग एग्री डिस्कॉम के गठन को लेकर थी। विज ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री विधानसभा में अपना पक्ष रख चुके हैं और आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने दावा किया कि इन मुद्दों पर चर्चा के बाद यूनियन सहमत हो गई थी, लेकिन बाद में किसी ने उन्हें भड़का दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बातचीत के जरिए हड़ताल टाल दी जाएगी।

## एक महीने से खुले सीवरेज मैनहोल, शिकायतों के बाद भी नहीं चेता नगर परिषद

जीरकपुर /यूटर्न/07 अगस्त। वार्ड नंबर-3 में पिछले करीब एक महीने से खुले और क्षतिग्रस्त सीवरेज व ड्रेनेज मैनहोल लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद नगर परिषद प्रशासन ने अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

हालात यह हैं कि खुले मैनहोल बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। वार्ड पार्षद देवेंद्र नेगी ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को लिखित शिकायतें दी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम डेराबस्सी को भी पत्र भेजकर खुले और क्षतिग्रस्त ढक्कनों को



बदलने की मांग की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शिकायतें कार्यालयों तक पहुंचने के बाद फाइलों में दबकर रह जाती हैं। प्रशासन की ओर से न तो मौके का निरीक्षण किया गया और न ही समस्या को दूर करने के लिए कोई प्रभावी कदम उठाया गया।

## हरियाली तीज महोत्सव में झूमीं महिलाएं, गीत-संगीत और नृत्य ने बांधा समां



पंचकूला/यूटर्न/07 अगस्त। अग्रवाल वैश्य समाज, जिला पंचकूला की महिला इकाई द्वारा अग्रवाल भवन सेक्टर-16 में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। करीब 200 महिलाओं और 30 विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयोजन की खास बात यह रही कि इसकी पूरी व्यवस्था महिलाओं ने स्वयं संभाली। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जबकि महिलाओं ने सावन के लोकगीतों और नृत्य से समां बांध दिया। सावन गीत, प्रश्नोत्तरी, डांस और बेस्ट ड्रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

क्या दुकानदार Bill देने से मना कर सकता है? हममें से कई लोग छोटी-छोटी खरीदारी करते समय Bill लेना जरूरी नहीं समझते। दूसरी ओर, कुछ दुकानदार भी कहते हैं, "Bill चाहिए तो GST अलग लगेगा या बिना Bill सस्ता मिल जाएगा। लेकिन क्या ऐसा करना सही है? किसी भी वस्तु या सेवा की बिक्री होने पर ग्राहक को खरीदारी का Bill या Cash Memo देने का अधिकार है। Bill केवल कागज का टुकड़ा नहीं होता, बल्कि यह इस बात का प्रमाण होता है कि आपने वह सामान कब, कहां और कितने में खरीदा।

यदि बाद में सामान में कोई खराबी निकलती है, Warranty का दावा करना हो या किसी प्रकार की शिकायत करनी हो, तो Bill सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन जाता है।

कुछ लोग थोड़े पैसे बचाने के लिए बिना Bill सामान खरीद लेते हैं। लेकिन बाद में यदि सामान खराब निकल जाए या दुकानदार जिम्मेदारी लेने से मना कर दे, तो ग्राहक के लिए अपनी खरीद साबित करना मुश्किल हो सकता है।

यदि कोई दुकानदार Bill देने से साफ इंकार करता है, तो ग्राहक उससे Bill मांग सकता है। विशेष रूप से महंगे सामान, Electronic Products, Jewellery, Furniture या अन्य मूल्यवान वस्तुएं खरीदते समय Bill अवश्य लेना चाहिए।

आजकल कई दुकानदार Printed Bill, SMS Bill, Email Bill या Digital Invoice भी देते हैं। यदि उसमें खरीदारी का पूरा विवरण है, तो उसे भी सुरक्षित रखना चाहिए।

खरीदारी करते समय केवल कीमत देखकर फैसला न करें। कई बार बिना Bill का सस्ता सामान बाद में महंगा साबित हो जाता है, क्योंकि उसके साथ आपके अधिकार भी कमजोर पड़ जाते हैं।

निष्कर्ष: Bill आपका अधिकार भी है और आपकी सुरक्षा भी। हर खरीदारी के बाद Bill अवश्य लें और उसे संभालकर रखें। यही छोटा-सा दस्तावेज जरूरत पड़ने पर आपके सबसे बड़े काम आ सकता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### सड़क का गड्ढा तो सरकार ठीक करवा देगी, पर घरों पर मंडराता खतरा कौन दूर करेगा?

लुधियाना के किचलू नगर की सड़क पर पड़ा गहरा गड्ढा आज केवल सड़क की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के लिए चिंता और डर का कारण बन गया है। हाल ही में इसी क्षेत्र में सड़क का एक हिस्सा धंसने की घटना सामने आई और कुछ ही दिनों बाद पास का हिस्सा फिर से धंस गया। सड़क पर बने गड्ढे को तो प्रशासन मरम्मत करवाकर भर देगा, लेकिन जिन घरों के बिल्कुल पास जमीन धंस रही है, उनके परिवारों के मन में पैदा हुए डर की भरपाई कौन करेगा? अगर सड़क के नीचे की मिट्टी या जल निकासी व्यवस्था में कोई गंभीर समस्या है, तो केवल ऊपर से गड्ढा भर देना स्थायी समाधान नहीं हो सकता।

यह सवाल केवल किचलू नगर के निवासियों का नहीं, बल्कि हर उस नागरिक का है जो अपने घर और परिवार की सुरक्षा चाहता है। प्रशासन को चाहिए कि वह केवल सड़क की मरम्मत न करे, बल्कि विशेषज्ञों से जमीन, सीवरेज और ड्रेनेज की पूरी जांच करवाए। साथ ही, जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। अब तो लुधियाना वासी इसडर के साये में हैं कि कहीं उनमें से भी किसी के घर के सामने की सड़क धंस गई तो वे बेचारे क्या करेंगे। सड़क की मरम्मत जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है लोगों के घरों और जीवन की सुरक्षा। विकास तभी सार्थक है, जब नागरिक अपने घर में सुरक्षित महसूस करें।

## स्प्रिंग डेल का 45वां स्थापना दिवस खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में 45वां स्थापना दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस 45वें स्थापना दिवस पर स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया और प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह चीफ गेस्ट रहे। उन्हें स्कूल बैंड की वेलकम धुन के साथ बड़ी धूमधाम से और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्कूल ऑडिटोरियम में लाया गया। उनके साथ डायरेक्टर्स मंदीप वालिया, कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा ने रंगारंग कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान, कार्यक्रम की शुरूआत शबद गायन से हुई। इसके बाद, स्कूल सॉन्ग और किंडरगार्टन के बच्चों द्वारा पेश किए गए वेलकम डांस ने सभी के चेहरों पर खुशी की लहर ला दी। इस दौरान ड्रीम्स टेक फ्लाइट की खूबसूरत कोरियोग्राफी ने स्कूल की कहानी को बहुत ही खूबसूरत शब्दों में व्यक्त किया। बच्चों के गिद्दे और भांगड़ा ने तो कार्यक्रम में आए चीफ गेस्ट और बच्चों का मन मोह लिया। इस रंगारंग प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को खूबसूरत ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया ने सभी बच्चों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को स्कूल के 45वें स्थापना दिवस पर बधाई दी।

## गौ सेवा मिशन ने गौशालाओं के लिए पंजाब सरकार के मुफ्त बिजली योजना फैसले पर जताया आभार



लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। गौ सेवा मिशन पंजाब की ओर से लुधियाना भूरी वाले मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गौ सेवा मिशन पंजाब के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने की, जबकि गौ सेवा मिशन लुधियाना के अध्यक्ष बिट्टू गुंबर समेत मिशन से जुड़े पदाधिकारी संत गण मौजूद रहे। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने पंजाब सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री भगवंत मान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की सभी पंजीकृत गौशालाओं के बिजली बिल पूरी तरह माफ करने का निर्णय बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना के दायरे में 152 नई गौशालाओं को शामिल किए जाने से अब पंजाब में मुफ्त बिजली सुविधा प्राप्त करने वाली गौशालाओं की संख्या 366 से बढ़कर 518 हो गई है। इससे गौशालाओं पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ काफी हद तक कम होगा और गौ सेवा कार्यों को नई मजबूती मिलेगी।बैठक में गौशालाओं के सामने आ रही विभिन्न चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बिट्टू गुंबर ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

## श्री नव दुर्गा सेवा मंडल का 25वां वार्षिक भंडारे का आमंत्रण पत्र रिलीज



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अगस्त। श्री नव दुर्गा सेवा मंडल जगरांव की ओर से माता चिंतपूर्णी के दरबार जाने वाले भक्तों के लिए लगाए जाने वाले 25वें वार्षिक भंडारे का भव्य आमंत्रण पत्र रिलीज समारोह स्थानीय लम्मियां वाला बाग में श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में शहर के प्रमुख उद्योगपतियों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने शिरकत कर सिल्वर जुबली वर्ष के इस भंडारे की शुरूआत की।

**मुख्य हस्तियों ने किया आमंत्रण पत्र रिलीज:** समारोह के दौरान आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान राज भल्ला, सत्यम ज्वैलर्स के मालिक राजेश कत्याल, बुलबुल ऑयल के एमडी हर्ष जैन और जैन लैब के एमडी डॉ. मनीष जैन ने मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 25वें वार्षिक भंडारे का निमंत्रण पत्र जारी किया।

**24 सालों का स्वर्णिम इतिहास और सिल्वर जुबली का उल्लास:** मंडल के चेयरमैन जितेंद्र अरोड़ा (मिट्ठू) ने पिछले 24 वर्षों से निरंतर लगाए जा रहे इस भंडारे के सफर पर प्रकाश डाला।

उन्होंने माता रानी की असीम कृपा का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि इस वर्ष यह भंडारा अपनी सिल्वर जुबली मना रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल श्री नव दुर्गा सेवा मंडल का नहीं, बल्कि पूरे जगरांव वासियों का सांझा आयोजन है।

# विधायक बग्गा ने हल्का नॉर्थ में शिक्षा सत्र को ऊपर उठाने के लिए विधानसभा सेशन में आवाज की बुलंद, आधुनिक चीजों से लैस होंगे स्कूल



लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। चंडीगढ़ में पंजाब विधानसभा का सेशन चल रहा है। शुक्रवार को सेशन के शून्यकाल के दौरान लुधियाना हल्का नॉर्थ के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा की ओर से अपने हल्के में शिक्षा सत्र को ऊपर उठाने के लिए आवाज बुलंद की। इस दौरान विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि सीएम भगवंत मान द्वारा पिछले साढ़े चार साल के कार्यकाल के दौरान राज्य के एजुकेशन सिस्टम में कड़ी मेहन की। उन्होंने एजुकेशन सिस्टम को ऊपर उठाया। जबकि हल्का नॉर्थ में ज्यादातर सरकारी स्कूल है। सीएम भगवंत मान की ओर से उनकी इमारतें सही कराने और फर्नीचर तैयार कराने के लिए फंड जारी कर अहम योगदान डाला है। विधायक बग्गा ने कहा कि हल्का नॉर्थ में खडियां वाला मशहूर स्कूल है, जो 10वीं क्लास तक है। उसकी इमारत के लिए सीएम द्वारा फंड अलॉट किया गया। जिससे बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है। विधायक बग्गा ने कहा कि मेरी निवेदन है कि उक्त स्कूल को 10वीं क्लास से 12वीं क्लास तक कर दिया जाए ताकि मेरे हल्के के बच्चे-बच्चियों को बाहर दूसरे स्कूलों में न जाना पड़े। वे अपने हल्के के स्कूल में ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। वहीं स्कूलों में अतिआधुनिक चीजों से लैस करने और नए स्कूलों का निर्माण करने की मांग की गई है। जिस पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है।

# बीसीएम आर्य बना स्किल एजुकेशन का हब, सीबीएसई प्रशिक्षण में जुटे 66 शिक्षक



लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर में सीबीएसई प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लुधियाना सहोदय स्कूल परिसर के तहत आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 66 प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य एनईपी-2020 और एनसीएफ-एसई-2023 के अनुरूप कक्षा 9वीं व 10वीं में कौशल आधारित शिक्षा को प्रभावी बनाना था। प्रधानाचार्या डॉ. अनुजा कौशल ने बताया कि स्कूल में 23 कौशल विषय पढ़ाए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिल रही है। सीबीएसई कौशल शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अतिरिक्त निदेशक आर.पी. सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. शायदा राणा और डॉ. सोनिया मागो ने विभिन्न शैक्षणिक सत्रों का संचालन किया। सीबीएसई निदेशक डॉ. बिस्वजीत साहा ने वर्चुअल संबोधन में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा, उद्योगों से जुड़ाव और रोजगारपरक कौशल पर जोर दिया। प्रशिक्षण में बैगलेस डे, माई करियर एडवाइजर, मूल्यांकन प्रणाली और कॉम्पिटेंसी आधारित लर्निंग पर भी चर्चा हुई। स्कूल प्रबंधन ने शिक्षकों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# 24 घंटे निर्बाध बिजली की मांग लेकर PSPCL पहुंचा फिको, रखीं 10 बड़ी मांगें



लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष गुरमीत सिंह कूलर के नेतृत्व में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (PSPCL) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बसंत गर्ग से मुलाकात कर उद्योगों से जुड़े बिजली संबंधी मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्रों और फोकल पॉइंट्स में 24 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

गुरमीत सिंह कूलर ने कहा कि बिजली उद्योग के लिए कच्चे माल के समान है। बिजली कटौती और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव से उत्पादन, लागत और समय पर आपूर्ति प्रभावित होती है, जिससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर असर पड़ता है।

फिको ने ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें रखीं। इनमें निर्धारित बिजली कटौती बंद करने, मेंटेनेंस कार्य रविवार को करने और पहले से सूचना देने, वोल्टेज की समस्या दूर करने, औद्योगिक इकाइयों के लिए जीओ स्विच बहाल करने, औसत बिलों के बजाय वास्तविक रीडिंग के आधार पर बिल जारी करने तथा ऑफ-पीक समय में ₹2.50 प्रति यूनिट नाइट टैरिफ लागू करने की मांग शामिल है।

इसके अलावा संगठन ने औद्योगिक बिजली श्रेणियों में संशोधन, फॉल्ट ठीक करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति, फिक्स्ड चार्ज समाप्त करने, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक के नाइट ब्लैकआउट वापस लेने तथा विशेषकर मिक्स्ड लैंड यूज क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने की भी मांग की।

डॉ. बसंत गर्ग ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य अभियंता जगदेव सिंह हंस, डिप्टी चीफ इंजीनियर सुरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह तथा फिको के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पिता ने नाबालिग बेटी को घर में अकेली देखकर किया रेप, मां ने कराया मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/7 अगस्त। मुंडियां कलां की 33 फुट रोड पर एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को घर पर अकेली देखकर उसके साथ रेप कर डाला। बच्ची ने सारी बात अपनी माँ को बताई।



जिसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। थाना जमालपुर की पुलिस ने माँ के बयानों पर पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया के उक्त आरोपी उसका पति है। उनके तीन बच्चे है। पीड़ित बच्ची 16 साल की है। 5 अगस्त को उसकी बेटी घर पर मौजूद थी। उस समय उसका पति तबीयत खराब होने के कारण काम पर नहीं गया था। शाम को जब वह घर लौटी तो बेटी डरी और सहमी थी। उसने पूरी घटना बताई। शिकायत के अनुसार, बेटी ने बताया कि वह अपना काम खत्म कर कमरे में आराम कर रही थी। इसी दौरान उसके पिता कमरे में आए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जांच कर रहे एएसआई परमजीत सिंह ने कहा कि आरोपी पिता साइकिल फैक्ट्री में काम करता है। किशोरी ने बताया है कि एक महीना पहले भी उसने उससे संबंध बनाए और धमकाया। जब दूसरी बार उसने फिर से वही हरकत की तो डरी हुई पीड़िता ने अपनी मां को सारी बात बताई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाएं मजबूत करने पर प्रशासन का जोर




पंचकूला/यूटर्न/07 अगस्त। उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत किराए पर संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने और सामुदायिक भवनों में चल रहे केंद्रों की मरम्मत को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें शिक्षा विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में किराए के भवनों में चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकारी स्कूलों तथा अन्य उपलब्ध सरकारी भवनों में चरणबद्ध तरीके से शिफ्ट करने पर चर्चा हुई। साथ ही सामुदायिक एवं अन्य सरकारी भवनों में चल रहे केंद्रों की मरम्मत और जरूरी सुविधाओं को मजबूत करने पर भी विचार किया गया। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने निर्देश दिए कि किराए पर संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की अद्यतन सूची शिक्षा विभाग, नगर निगम और पंचायती राज विभाग के साथ साझा की जाए, ताकि उपलब्ध सरकारी भवनों की पहचान की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से मरम्मत कार्य और आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने को कहा। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, बेहतर और सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने का भरोसा दिया।

## विधानसभा में गूंजा डेराबस्सी ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स का मुद्दा, रंधावा ने सरकार से पूछा- काम कब होगा शुरू?



डेराबस्सी/यूटर्न/07 अगस्त। डेराबस्सी में प्रस्तावित ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स के निर्माण में हो रही देरी का मामला शुक्रवार को एक बार फिर पंजाब विधानसभा में गूंजा। हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपनी ही सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि बजट में घोषणा और जमीन खरीदने के बावजूद करीब डेढ़ साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। रंधावा ने सदन में कहा कि डेराबस्सी पंजाब के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज भी अदालतें तहसील परिसर में संचालित हो रही हैं। इसके चलते एसडीएम, डीएसपी, बीडीपीओ समेत कई प्रशासनिक कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर चल रहे हैं, जिससे लोगों को एक काम के लिए कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है और समय की बबार्दी होती है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष बजट में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने डेराबस्सी, खन्ना और पातड़ा में 132 करोड़ रुपये की लागत से ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स बनाने की घोषणा की थी। डेराबस्सी के गांव जवाहरपुर में इसके लिए छह एकड़ सात कनाल 13 मरला जमीन भी खरीदी जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ।

## DMC&H में गूंजा रिसर्च का दम, ICMR महानिदेशक ने किया नवाचार का आह्वान




लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (DMC&H) में रिसर्च डे-2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर 300 से अधिक फैकल्टी सदस्य, शोधकर्ता, अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान MBBS, MD/MS और DM/MCh श्रेणियों में बेस्ट एब्स्ट्रैक्ट, ओरल प्रेजेंटेशन और ई-पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेताओं को 25-25 हजार रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर DMC&H की नई रिसर्च एंड डेवलपमेंट पॉलिसी भी जारी की गई।

# साइकू की केक आर्ट थेरेपी में महिलाओं ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग

**केक आर्ट थेरेपी कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा**



लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (साइकू) के महिला उद्यमी मंच (डब्ल्यूईएफ) की ओर से मॉडल टाउन स्थित बेक फ्रेश में ₹केक आर्ट थेरेपी₹ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में रचनात्मकता, मानसिक सुकून, आत्मविश्वास और आपसी संवाद को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला की मेजबानी डब्ल्यूईएफ प्रमुख रजनी सेठी ने की, जबकि प्रसिद्ध शेफ गोपेश ने प्रतिभागियों को केक पेंटिंग और आकर्षक सजावट की बारीकियां सिखाई। इस दौरान महिलाओं ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए सुंदर केक तैयार किए, जिन्हें वे अपने साथ घर भी लेकर गई।

रजनी सेठी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां महिलाओं को अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों से इतर रचनात्मक प्रतिभा को निखारने, नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं के बीच संवाद, सहयोग और मजबूत नेटवर्क विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बताया कि साइकू का महिला उद्यमी मंच भविष्य में भी इसी तरह के रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि महिला उद्यमियों और अन्य महिलाओं को सीखने, आगे बढ़ने और स्वयं को सशक्त बनाने का अवसर मिलता रहे।

यह पहल साइकू महिला उद्यमी मंच के अपनाएं, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं₹ के विजन के अनुरूप महिलाओं के समग्र विकास, रचनात्मक सोच और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## बी.सी.एम. आर्य स्कूल ललतों में लगाए 108 फलदार पौधे




लुधियाना/यूटर्न/07 अगस्त। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश देते हुए बी.सी.एम. आर्य स्कूल, ललतों ने जे.जे.एस. एनजीओ के सहयोग से ह्लएक-एक पौधा लगाएँ झ्र सबके लिए भोजन उगाएँह्व अभियान के तहत सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में डिविजनल रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर लुधियाना कमलप्रीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विनोद सहगल, विद्यालय प्रबंधक कर्नल जे.आर. जग्गा, जे.जे.एस. एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता, सचिव भुवन गुप्ता सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ, एनजीओ स्वयंसेवकों और अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से 108 फलदार पौधों का रोपण रहा। जे.जे.एस. एनजीओ की टीम ने विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण जागरूकता सत्र भी आयोजित किया। इसमें पौधों के महत्व, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या कृतिका सेठ ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ हुआ।

## हरको बैंक मुख्यालय में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का स्वागत



पंचकूला/यूटर्न/07 अगस्त। हरको बैंक मुख्यालय, चंडीगढ़ में आज उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री (सहकारिता, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा) डॉ. धन सिंह रावत का हार्दिक स्वागत किया गया। आगमन पर हरको बैंक के चेयरमैन श्री भारत भूषण जुयाल तथा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रफुल्ल रंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री राकेश सिंह नेगी, श्री मनोज पटवाल तथा हरको बैंक की ओर से महाप्रबंधक श्रीमती उर्वशी गुप्ता, उप महाप्रबंधक श्रीमती सुधा शर्मा, प्रबंधक श्री जयपाल सिंह एवं बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान श्री भारत भूषण जुयाल ने मंत्री को हरको बैंक के प्रदर्शन, प्रमुख पहलों, वित्तीय उपलब्धियों तथा हरियाणा में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की जानकारी दी। डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड के सहकारी बैंकों द्वारा अपनाई गई विभिन्न श्रेष्ठ को साझा किया तथा हरको बैंक को नवाचार आधारित पहल अपनाने, संस्थागत सहयोग को और मजबूत करने तथा प्रौद्योगिकी के अधिक प्रभावी उपयोग के माध्यम से परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह भेंट सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान के संबंध में सार्थक विचार-विमर्श के साथ संपन्न हुई।

## गुरु रविदास जी का समरसता संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत : मुख्यमंत्री



पंचकूला/यूटर्न/07 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री पंचकूला में गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के कार्यक्रमों के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की पहली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' 20 फरवरी 2027 तक पूरे प्रदेश में चलेगा। इसके तहत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और वाणी को घर-घर पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत 29 जुलाई को गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से हुई थी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संत-महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। अभियान के माध्यम से समता, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि कुरुक्षेत्र में करीब पांच एकड़ भूमि पर संत गुरु रविदास धाम का निर्माण किया जाएगा। बैठक में मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए।

# अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस का बड़ा CASO अभियान, रेलवे स्टेशन-बस स्टैंड पर सघन जांच



अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और विभिन्न संवेदनशील इलाकों में विशेष उअरड अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, धर्मशालाओं, सराय, पीजी और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन तलाशी ली। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर सत्यापन किया गया, जबकि वाहनों की भी जांच की गई। डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर आलम विजय सिंह के नेतृत्व में एडीसीपी सिटी-2 सिरिवनेला, एसीपी नॉर्थ गगनदीप सिंह, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर में जांच की। पार्किंग, यात्रियों और उनके सामान की बारीकी से तलाशी ली गई। वहीं बस स्टैंड पर एडीसीपी सिटी-3 जसरूप कौर बाठ के नेतृत्व में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कमिश्नरेट पुलिस ने कहा कि अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। शहरवासियों से संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत 112 पर देने की अपील की गई है।

# पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन आमंत्रित, 15 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

## असाधारण प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान, योग्य व्यक्तियों के नाम भेजने की अपील

उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और बच्चों को देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री) से सम्मानित करने के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 15 अगस्त 2026 तक अपना नामांकन ऑनलाइन भेज सकते हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलबिंदरजीत सिंह (आईएएस) ने बताया कि कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक सेवा,



दलविंदरजीत सिंह, जिलाधीश, अमृतसर

विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले योग्य व्यक्ति तथा बच्चे पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया, पात्रता, दिशा-निर्देश तथा आवेदन से संबंधित सभी जानकारी भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल awards.gov.in पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवार या नामांकनकर्ता 15 अगस्त 2026 तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। डिप्टी कमिश्नर ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास ऐसी प्रेरणादायी हस्तियों की पहचान करें, जिन्होंने समाज और देश के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है, तथा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# 12 सितंबर को अमृतसर में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, लंबित मामलों का होगा त्वरित निपटारा

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। जिला अमृतसर की अदालतों में 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, अमृतसर के सचिव-सह-सीजेएम अमरदीप सिंह बैंस ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर शीघ्र निपटारा करना है। इसमें एनआई एक्ट की धारा 138, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली-पानी बिल, नगर निगम व नगर परिषद, सीवरेज, जलापूर्ति, हाउस टैक्स, दीवानी मामले, कम गंभीर आपराधिक मामले, वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और बीमा संबंधी मामलों का



निपटारा किया जाएगा।

अमरदीप सिंह बैंस ने बैंकों, राजस्व विभाग, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों से अधिक से अधिक मामले लोक अदालत में लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में हुआ फैसला अंतिम होता है और इससे समय व धन दोनों की बचत होती है।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामला निपटने पर नियमानुसार जमा कोर्ट फीस भी वापस की जाती है। नागरिक संबंधित अदालत या जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन कर इसका लाभ ले सकते हैं।

## स्कूल में बच्चों को सिखाया स्वस्थ मुस्कान का मंत्र, मुफ्त दंत जांच के साथ मिले टूथब्रश-पेस्ट



डेराबस्सी/यूटर्न/07 अगस्त। बच्चों में दांतों की बीमारियों को रोकने और उन्हें बेहतर मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव सैदपुरा के सरकारी मिडिल स्कूल में भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप का आयोजन नेशनल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गुलाबगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के दांतों की भी जांच की गई। कैंप के दौरान डॉक्टर अमृत अठवाल ने बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने, सुबह और रात में नियमित रूप से दांत साफ करने तथा मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दांतों की अनदेखी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, इसलिए बचपन से ही अच्छी आदतें अपनाना जरूरी है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की ओर से विद्यार्थियों को टूथब्रश और टूथपेस्ट भी वितरित किए गए। कैंप में नेशनल डेंटल कॉलेज की ओर से डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. बॉलरीन, डॉ. अनिलिता, डॉ. कोमल और डॉ. अनुरीत सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। स्कूल की ओर से शिक्षिका सोना रानी और नरेश सैनी ने डॉक्टरों और परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए इस सामाजिक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद के प्रधान नितिन जिंदल, अश्वनी शर्मा, जय प्रकाश और उपेश बंसल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## झवांसा-टरड़क में विकास की रफ्तार तेज, 60 लाख के कार्यों की सौगात और बांटे स्वामित्व प्रमाण पत्र



लालड़ू/यूटर्न/07 अगस्त। डेराबस्सी हलके के गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गुरुवार को लालड़ू क्षेत्र के गांव झवांसा और टरड़क में विकास कार्यों की नई सौगात दी। लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान जहां पात्र परिवारों को 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए गए, वहीं टरड़क गांव में करीब 60 लाख रुपये के विकास कार्यों की शुरूआत और घोषणा की गई। गांव झवांसा में विधायक रंधावा ने कहा कि 'मेरा घर मेरे नाम' योजना से ग्रामीण परिवारों को अपनी संपत्ति का कानूनी अधिकार मिला है, जिससे भविष्य में उन्हें प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाओं में सुविधा मिलेगी। इसके बाद गांव टरड़क में 15 लाख रुपये की लागत से एससी धर्मशाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही 24.50 लाख रुपये की लागत से नए ट्यूबवेल को मंजूरी दी गई और ग्रामीणों की मांग पर आदर्श योजना के तहत 20 लाख रुपये के अतिरिक्त विकास कार्य करवाने की घोषणा की गई।

# जगरांव नगर परिषद की पहली बैठक में हाईवोल्टेज ड्रामा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अगस्त। नगर परिषद चुनाव के बाद जगरांव नगर परिषद की पहली सामान्य हाउस बैठक गुरुवार को स्थानीय टाउन हॉल में नगर परिषद अध्यक्ष कंवरपाल सिंह की अध्यक्षता में काफी गर्मागर्म माहौल के बीच संपन्न हुई। बैठक में शहर के सभी 23 वार्डों के पार्षद शामिल हुए, हालांकि पार्षद राजिंदर कौर ठुकराल आवश्यक कार्य के कारण बैठक से पहले ही चले गए। प्रशासनिक रिपोर्टों और आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार बैठक में कुल 14 एजेंडा प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकांश प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए, लेकिन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भाजपा तथा कांग्रेस पार्षदों के बीच खुलकर तीखी बहस देखने को मिली, जिससे



आने वाले समय की राजनीतिक दिशा भी स्पष्ट होती नजर आई।

बैठक की शुरूआत में कई प्रशासनिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। हाउस ने दो दिवंगत सफाई कर्मचारियों के आश्रितों को सरकारी नियमों के अनुसार अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही शहर में आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए 'स्ट्रे एनिमल कंट्रोल टास्क फोर्स' के गठन तथा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यूएलबी और वार्ड स्तर पर स्वच्छता समितियों के गठन की जानकारी भी साझा की गई।

# बिना नंबर प्लेट बलेनो ने डिलीवरी बॉय को मारी टक्कर, पैर और दांत टूटे

## हाई ग्राउंड लाइट प्वाइंट के पास हादसा, लोगों ने भाग रहे चालक को पकड़ा

जीरकपुर/यूटर्न/07 अगस्त। पटियाला रोड स्थित हाई ग्राउंड लाइट प्वाइंट के पास तेज रफ्तार बिना नंबर प्लेट वाली सफेद बलेनो कार ने मोटरसाइकिल सवार डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का बायां पैर टूट गया, जबकि तीन-चार दांत टूटने के साथ जबड़े और सिर में भी गंभीर चोटें आई। जीरकपुर थाना पुलिस ने घायल के बयान पर चालक दिव्यांश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भबात रोड निवासी अभिषेक पुत्र विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिलीवरी का काम करता है। तीन अगस्त की शाम करीब चार बजे वह मोटरसाइकिल पर हाइलैंड पार्क में डिलीवरी देने जा रहा था। जब वह गोपाल स्वीट्स के पास हाई ग्राउंड लाइट प्वाइंट पर पहुंचा तो राजपुरा की ओर से तेज रफ्तार में आई बिना नंबर प्लेट की सफेद बलेनो कार ने उसकी मोटरसाइकिल को बाईं तरफ से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही अभिषेक सड़क पर जा गिरा और उसका बायां पैर टूट गया। हादसे में उसके तीन-चार दांत भी टूट गए, जबड़े में चोट आई और कान से खून बहने लगा।

### भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़ा

शिकायतकर्ता के अनुसार हादसे के बाद चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और डायल-112 पर सूचना दी। पीसीआर टीम ने मौके पर पहुंचकर चालक की फोटो और अन्य जानकारी दर्ज की। घायल अभिषेक को पहले ढकोली के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों और दोस्तों ने उसे जीरकपुर के ट्रिनिटी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### चालक पर तीन धाराओं में केस

पुलिस की प्रारंभिक जांच में चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(बी) और 324(4) के तहत अपराध बनना पाया गया। इसके बाद जीरकपुर थाना पुलिस ने दिव्यांश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस बिना नंबर प्लेट वाली बलेनो कार और हादसे से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

# तहसील कॉम्प्लेक्स जगरांव में अवैध वसूली के आरोप

## पार्किंग और स्टांप पेपर पर मनमाने रेट से जनता परेशान, प्रशासनिक नाक के नीचे चल रही लूट

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/7/अगस्त। तहसील कॉम्प्लेक्स जगरांव में अपने रोजमर्रा के जरूरी प्रशासनिक कार्यों के लिए पहुंचने वाले आम नागरिकों को इन दिनों दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। परिसर के भीतर एक तरफ जहां स्टांप वेंडर द्वारा निर्धारित दरों से अधिक और कथित तौर पर ब्लैक में स्टांप बेचे जाने के मामले ने तूल पकड़ा था, वहीं अब पार्किंग ठेकेदार द्वारा मनमाने रेट वसूले जाने का ताजा मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) कार्यालय से महज कुछ कदमों की दूरी पर हो रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और सुस्ती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जनता की उम्मीदें

स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध वर्ग का कहना है कि सिर्फ आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। पूर्व के स्टांप वेंडर मामले की तरह इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाना चाहिए। जनता अब प्रशासन से ठोस और त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रही है, ताकि सरकारी परिसरों में पारदर्शिता और जनता के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**पार्किंग फीस में खुली लूट:** मिली जानकारी के अनुसार, नया ठेकेदार आने के बाद पार्किंग दरों में नियमों को ताक पर रखकर बढ़ोतरी कर दी गई है।

**दुपहिया वाहन (टू-व्हीलर):** सरकारी निर्धारित फीस 15 रुपये होने के बावजूद 20 रुपये वसूले जा रहे हैं।

**चार पहिया वाहन (कार):** निर्धारित फीस 30 रुपये की जगह 40 रुपये वसूले जा रहे हैं। ठेकेदार द्वारा अपनी मनमर्जी से तैयार करवाए गए फ्लेक्स बोर्ड तहसील कॉम्प्लेक्स की दीवारों पर सरेआम टंगे हुए हैं। रोजाना यहां आने वाले लोगों का कहना है कि हर वाहन से 5 से 10 रुपये अतिरिक्त वसूल कर आम जनता की जेब पर भारी डाका डाला जा रहा है।

**प्रशासनिक प्रतिक्रिया और जवाबदेही:** इस पूरे मामले पर जब पार्किंग ठेकेदार का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने कुछ देर में फोन करने की बात कहकर टाल दिया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका कोई जवाब नहीं आया।

# कॉकरोच आंदोलन, पाक लिंक बताने वाले अमृतसर पुलिस कमिश्नर का तबादला, हरमनबीर सिंह को मिला एडिशनल चार्ज





अमृतसर/यूटर्न/7 अगस्त। दिल्ली में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन और आतंकी साजिश को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर को पंजाब सरकार ने हटा दिया है। गृह विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर उनका तबादला कर दिया। उनकी जगह डीआईजी बॉर्डर रेंज हरमनबीर सिंह को अमृतसर पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। 4 अगस्त को भुल्लर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने धरने के दौरान आतंकी हमले की साजिश रची थी। आरोपी ट्रेन से दिल्ली पहुंचे थे। पाकिस्तान में बैठे हैंडलर के निर्देश पर उन्हें पेट्रोल बम उपलब्ध कराए गए थे। हालांकि, जंतर-मंतर पर दिल्ली पुलिस की मौजूदगी के कारण वो साजिश को अंजाम नहीं दे सके। इसमें शामिल चार नाबालिगों समेत कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### भाजपा ने उठाया था मुद्दा

इसके बाद भाजपा ने भुल्लर के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा था कि गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने खुलासा किया कि इस प्रदर्शन के पीछे आईएसआई समर्थित मॉड्यूल सक्रिय है। इस पर एक दिन पहले अमृतसर पुलिस ने स्पष्टीकरण दिया था। पुलिस ने कहा था कि सोशल मीडिया पर वायरल किए गए कुछ दावे और वीडियो भ्रामक हैं। उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। पूर्व पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर को आगामी आदेशों तक डीजीपी कार्यालय में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने इस पर सवाल उठाए हैं।

# अमृतसर में मतदाता सत्यापन अभियान पूरा, 13 अगस्त से दावे-आपत्तियां

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 के तहत जिला अमृतसर में मतदाताओं के घर-घर सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि 25 जून से 3 अगस्त तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ ने सत्यापन अभियान चलाया। जिले में अभियान की शुरूआत के समय 19,73,071 मतदाता पंजीकृत थे। सत्यापन के दौरान 17,30,320 गणना प्रपत्र



प्राप्त हुए, जबकि 2,42,751 मतदाता अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, दोहरी प्रविष्टि अथवा अन्य श्रेणियों में पाए गए। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 13 अगस्त 2026 को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके बाद 13 अगस्त से 12 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 के जरिए आवेदन कर सकते हैं। जिले में पोलिंग स्टेशनों के रैशनलाइजेशन का काम भी पूरा हो गया है। 106 नए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिससे कुल संख्या 2,134 से बढ़कर 2,240 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से मतदाता सूची में अपने नाम और विवरण की जांच कर आवश्यक सुधार करवाने की अपील की।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# जुलाई में फिरोजपुर मंडल का बड़ा टिकट चेकिंग अभियान, 34,410 यात्री पकड़े

उप्पल

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। फिरोजपुर रेलवे मंडल ने जुलाई 2026 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर 34,410 यात्रियों को पकड़ा। इनसे जुमार्ने के रूप में करीब 2.71 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला गया।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा रोकने के लिए टिकट जांच अभियान लगातार जारी है। टिकट चेकिंग स्टाफ ने नियमित जांच के दौरान बड़ी संख्या में बिना टिकट एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की। रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी विशेष जांच की गई। जुलाई माह में स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले 137 यात्रियों के खिलाफ एंटी लिटरिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 53 हजार रुपये से अधिक जुमार्ना वसूला गया।

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। रेलवे का उद्देश्य वैध टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक सफर उपलब्ध कराना है। रेलवे ने यात्रियों से वैध टिकट लेकर यात्रा करने, स्वच्छता बनाए रखने और किसी अज्ञात व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तु न लेने की अपील की है।

## सीमा पार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 21.299 किलो हेरोइन समेत पांच गिरफ्तार

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित नशा और अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से




21.299 किलोग्राम हेरोइन, 970 ग्राम आईसीई, .30 बोर की अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगन उर्फ डिश्का, जसपिंदर सिंह, सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख, अभिषेक सभरवाल उर्फ अभि और मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी विदेश में बैठे एक तस्कर के संपर्क में था, जो सीमा पार से हेरोइन और हथियारों की तस्करी कराने में मदद करता था। पुलिस ने पहले गगन और जसपिंदर को पिस्तौल व कारतूसों सहित पकड़ा। पूछताछ के बाद 1.01 किलो हेरोइन और 970 ग्राम आईसीई बरामद हुई। आगे की कार्रवाई में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर 20.2 किलो हेरोइन जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक सुखप्रीत पर पहले से एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। थाना एयरपोर्ट में केस दर्ज कर नेटवर्क की अन्य कड़ियों की जांच जारी है।

# बेवजह चेन पुलिंग पर आरपीएफ सख्त, जुलाई में 150 मामले दर्ज, 80 गिरफ्तार

अमृतसर/यूटर्न/07 अगस्त। फिरोजपुर रेल मंडल ने ट्रेनों में बेवजह अलार्म चेन खींचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। जुलाई 2026 के दौरान रेल अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत 150 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 9,400 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, ट्रेन में लगी अलार्म चेन केवल वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग के लिए होती है, लेकिन कई यात्री निजी सुविधा या बिना किसी उचित कारण के इसका इस्तेमाल करते हैं। इससे ट्रेनों की




समयबद्धता प्रभावित होती है और हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिरोजपुर मंडल रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को लगातार जागरूक कर रहा है कि अनावश्यक चेन पुलिंग दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद ऐसे मामले सामने आ रहे हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने यात्रियों से अपील की कि अलार्म चेन का उपयोग केवल आपात स्थिति में ही करें। उन्होंने कहा कि मंडल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान के साथ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा।

## कॉफी संग जाह्नवी कपूर का ग्लैमरस अंदाज, स्टाइलिश लुक ने खींचा ध्यान




बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपने फैशन और स्टाइल को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में उनका एक ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। ब्लैक आउटफिट और सनग्लासेस में जाह्नवी बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं। हाथ में कॉफी कप लिए उनका कैजुअल अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। सिंपल ज्वेलरी और खुले बाल उनके लुक को और आकर्षक बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर को लेकर प्रशंसक लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# नेत्रदान एसोसिएशन ने चाँद नगर, होशियारपुर निवासी स्वर्गीय सरदार कुलदीप सिंह के नेत्र प्राप्त किए

दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/07 अगस्त। नेत्रदान एसोसिएशन, होशियारपुर द्वारा आज स्वर्गीय सरदार कुलदीप सिंह, निवासी मोहल्ला चाँद नगर, बहादुरपुर, होशियारपुर के निधन के बाद उनके नेत्र (कॉर्निया) सफलतापूर्वक प्राप्त किए गए।

एसोसिएशन ने महान दानी स्वर्गीय सरदार कुलदीप सिंह तथा उनके परिवार को दिल से सलाम किया, जिन्होंने दुख की इस घड़ी में भी नेत्रदान का महान निर्णय लेकर किसी अन्य व्यक्ति को दृष्टि प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया। उनका यह निस्वार्थ कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



नेत्रदान की प्रक्रिया के समय अध्यक्ष सरदार सुरेश कपाटिया, महासचिव सरदार बलजीत सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, श्रीमती जतिंदर कौर तथा श्रीमती संतोष सैनी उपस्थित रहे और उन्होंने शोकाकुल परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया।

एसोसिएशन ने आम जनता से अपील की कि वे नेत्रदान के लिए आगे आएं और इस महान मानवीय कार्य का हिस्सा बनें। नेत्रदान के माध्यम से इंसान अपने जीवन के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है।

यूटर्न टाइम

# राहुल गांधी ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को अपना 'पसंदीदा BJP नेता' बताया

चंडीगढ़/यूटर्न/07 अगस्त। एक दिलचस्प और अनौपचारिक पल में, जिसने तीखे राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार कर दिया, विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को भारतीय जनता पार्टी (BJP) में अपना 'पसंदीदा' नेता बताया। यह बात इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' (AMA) सेशन के दौरान सामने आई, जिसमें गांधी युवाओं और छात्रों से बातचीत कर रहे थे। यह बातचीत उनके डिजिटल यूथ आउटरीच प्रोग्राम का हिस्सा थी।

जब एक प्रतिभागी ने उनसे विरोधी पार्टी के अपने पसंदीदा नेता का नाम बताने को कहा, तो गांधी ने इस अनुभवी नेता के बारे में गर्मजोशी से बात की और राजनीतिक रास्ते अलग होने के बावजूद उनके साथ अपने अच्छे निजी संबंधों का ज़िक्र किया। उन्होंने सिंह के व्यक्तित्व की तारीफ करते हुए उन्हें 'कूल' बताया और मिलिट्री हिस्ट्री (सैन्य इतिहास) के बारे में उनकी गहरी जानकारी का ज़िक्र किया। आखिर में उन्होंने खुशी-खुशी कहा: 'हेलो, अंकल अमरिंदर!' कैप्टन अमरिंदर सिंह का कांग्रेस पार्टी के साथ लंबा और उतार-चढ़ाव भरा इतिहास रहा है, इसलिए इस टिप्पणी ने राजनीतिक हलकों में तुरंत सबका ध्यान खींचा।




## पार्टी लाइनों से परे आपसी सम्मान

राजनीतिक रूप से अलग होने के बावजूद, यह बातचीत दोनों नेताओं के बीच बनी हुई आपसी सद्भावना को दिखाती है। इस साल की शुरुआत में, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सार्वजनिक रूप से माना था कि गांधी ने उनके जीवन के अहम मौकों और मुश्किल समय में उनके प्रति निजी तौर पर सम्मान और शिष्टाचार बनाए रखा। एक पुराने इंटरव्यू में, सिंह ने बताया था कि गांधी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी थी और उनके भाई, राजा रणधीर सिंह के निधन पर शोक संदेश भी भेजा था। उसी इंटरव्यू में, सिंह ने गांधी के निजी स्नेह और उनके मौजूदा राजनीतिक सहयोगियों के व्यवहार की तुलना करते हुए बताया कि उस समय बीजेपी के किसी भी वरिष्ठ नेता ने वैसी सहानुभूति नहीं दिखाई थी।

## एक यादगार राजनीतिक इतिहास

कैप्टन अमरिंदर सिंह उत्तर भारत में कांग्रेस के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक रहे हैं। उन्होंने दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया—पहली बार 2002 से 2007 तक और बाद में 2017 से 2021 तक। हालांकि, पार्टी की राज्य इकाई के भीतर सत्ता के लिए हुए बड़े आंतरिक संघर्ष के कारण सितंबर 2021 में उनका दूसरा कार्यकाल अचानक खत्म हो गया।

इस्तीफा देने के बाद, कांग्रेस ने चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद सिंह कांग्रेस पार्टी से अलग हो गए, अपनी राजनीतिक पार्टी—पंजाब लोक कांग्रेस—बनाई और आखिरकार 2022 में उसका BJP में विलय कर दिया।

# सिविल सर्जन ने डेराबस्सी अस्पताल में मारा औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## अस्पताल में दवाओं से लेकर सफाई तक की जांच, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

डेराबस्सी/यूटर्न/07 अगस्त। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन एसएएस नगर डॉ. संगीता जैन ने गुरुवार को उपमंडल अस्पताल डेराबस्सी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम और अन्य विभागों का दौरा कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

डॉ. जैन ने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के रिकॉर्ड और उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की भी जांच की। इसके अलावा मुख्य ड्रग स्टोर का निरीक्षण कर दवाओं के रखरखाव, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी और उपलब्धता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिलना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बीईई शीनम सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।



# फ्लाईओवर पर बस ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर, चालक की मौत

जीरकपुर/यूटर्न/07 अगस्त। जीरकपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर प्रिज्म ग्रैंड होटल के सामने फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बस ने आगे जा रहे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक बलजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल ढकोली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे जसविंदर सिंह के बयान पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बलजीत सिंह ऑटो चलाते थे। छह अगस्त को दोपहर करीब 2:35 बजे उसके पिता ऑटो लेकर जीरकपुर से चंडीगढ़ की ओर जा रहे थे। वह भी किसी काम से चंडीगढ़ जा रहा था।

# क्या 'डिजिटल इंडिया' की पहल PMO के दरवाजे पर ही रुक जाती है?

सालों से, केंद्र सरकार अपने खास 'डिजिटल इंडिया' प्रोग्राम के तहत एक आधुनिक और टेक्नोलॉजी पर आधारित देश बनाने के विजन को बढ़ावा देती रही है। आसान डिजिटल पेमेंट से लेकर डिजिटल तरीके से सरकारी सेवाएँ देने तक, सरकार ने नागरिकों, बिजनेस और सरकार के निचले स्तरों से इलेक्ट्रॉनिक कामकाज के तरीकों को अपनाने का जोरदार आग्रह किया है। फिर भी, पूर्व केंद्रीय कोयला सचिव अनिल स्वरूप की साफ-साफ बातें एक बड़ी संरचनात्मक विरोधाभास को उजागर करती हैं: डिजिटल बदलाव प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के दरवाजे पर ही अचानक रुक जाता है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

स्वरूप के खुलासे ऊंचे स्तर के अधिकारियों की बातों और संस्थागत कामकाज के तरीकों के बीच गहरे अंतर पर रोशनी डालते हैं। पूर्व नौकरशाह के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ढटड की अंदरूनी फाइल ट्रैकिंग को पूरी तरह से डिजिटल करने के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी थी। हालाँकि, प्रधानमंत्री की जुबानी मंजूरी के बावजूद, एक संस्था के तौर पर ढटड पारंपरिक कागजी फाइलों से ही चिपका रहा। यह हिचकिचाहट दिखाती है कि कैसे संस्थागत सुस्ती और पुरानी प्रशासनिक आदतें सुधारों को रोक सकती हैं, भले ही उन्हें सरकार के मुखिया का समर्थन हासिल हो।

इस विरोध की जड़ में डिजिटल जवाबदेही के प्रति सिस्टम में गहराई से बैठी नापसंदगी दिखाई देती है। कागज-आधारित सिस्टम में, फाइलें धीरे-धीरे आगे बढ़ती हैं, विचार-विमर्श छिपा रहता है, और खास रुकावटों का पता लगाना एक मुश्किल काम बना रहता है। स्वरूप ने एक घटना का ज़िक्र करते हुए इस स्थिति को समझाया, जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक रूप से ढटड में बुनियादी ढाँचे से जुड़ी फाइलों के अटके रहने पर चिंता जताई थी। इलेक्ट्रॉनिक ई-ऑफि स सिस्टम में बदलने की संभावना ने अंदरूनी तौर पर घबराहट पैदा की—तकनीकी रुकावटों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए क्योंकि डिजिटल ऑडिट ट्रेल एक ऐसा रिकॉर्ड छोड़ते हैं जिसे मिटाया नहीं जा सकता। पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम में, हर देरी, रोक या बदलाव पर टाइम-स्टैम्प लगता है, जिससे तुरंत पता चल जाता है कि कौन सा अधिकारी या नौकरशाह अहम राष्ट्रीय नीतियों को रोकने के लिए ज़िम्मेदार है।

जैसा कि स्वरूप ने साफ तौर पर कहा, अपारदर्शिता से शक्ति मिलती है।₹ हालाँकि उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके पास सीधे भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं है, लेकिन कागजी फाइलों को संस्थागत प्राथमिकता देने से अंदरूनी कमियों और प्रशासनिक देरी को जाँच-पड़ताल से बचाने में मदद मिलती है। कागजी रिकॉर्ड बनाए रखने से सत्ता के मुख्य केंद्रों को अपनी काम करने की रफ़्तार को रियल-टाइम में जाँचने की अनुमति दिए बिना अंतिम फैसला लेने का अधिकार बना रहता है।

अगर सरकार डिजिटल गवर्नेंस में अग्रणी के तौर पर अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना चाहती है, तो उसे सबसे ऊपर से उदाहरण पेश करना होगा। राष्ट्रीय प्रशासनिक ढाँचे को बदलने के मकसद से शुरू की गई पहल अपने सबसे शक्तिशाली कार्यकारी कार्यालय के लिए कोई अपवाद नहीं रख सकती। डिजिटल इंडिया के तहत कुशल और पारदर्शी शासन का वादा सही मायने में पूरा करने के लिए, PMO को भी उन्हीं डिजिटल ऑडिट मानकों और पारदर्शिता को अपनाना होगा जिनकी उम्मीद वह देश के बाकी हिस्सों से करता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372